## एक नजर में

### 16 ननि आयुक्तों को अतिरिक्त जिला निर्वाचन अधिकारी बनाया

**भोपाल, 4 नवंबर.** भारत निर्वाचन आयोग ने प्रदेश के 16 नगर पालिक निगम आयुक्तों को अतिरिक्त जिला निर्वाचन अधिकारी बनाया है. इस संबंध में आयोग द्वारा निर्देश भी जारी किए गए हैं. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संजीव कुमार झा ने बताया कि प्रदेश की 16 नगर पालिक निगम भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर, मुरैना, रीवा, सतना, सिंगरौली, सागर, उज्जैन, देवास, खंडवा, बुरहानपुर, रतलाम, कटनी और छिंदवाड़ा के आयुक्त को विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 की अवधि के लिए अतिरिक्त जिला निर्वाचन अधिकारी बनाया गया है. झा ने बताया कि प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 का कार्य शुरू हो गया है. ऐसे में अतिरिक्त जिला निर्वाचन अधिकारी बनाए गए नगर पालिक निगम के आयुक्त एसआईआर में सहयोग करेंगे.

### मंडी शुल्क की चोरी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई होगी

**भोपाल, 4 नवंबर.** फर्जी दस्तावेज के आधार पर कृषि उपज का क्रय-विक्रय कर मंडी शुल्क की चोरी करने वाले के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जायेगी. प्रबंध संचालक म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड कुमार पुरुषोत्तम ने सभी आंचलिक अधिकारियों को ऐसे प्रकरणों की जाँच कर दण्डात्मक कार्रवाई के निर्देश दिये हैं. प्रबंध संचालक पुरुषोत्तम ने निर्देश दिये कि कुछ व्यापारियों और परिवहनकर्ताओं द्वारा मंडी शुल्क की चोरी कर मूंगफली का क्रय-विक्रय किया जा रहा है. इसके लिये उनके द्वारा फर्जी दस्तावेज बिल, बिल्टी, अनुज्ञा-पत्र तैयार कर मंडी शुल्क की चोरी की गयी है. मंडी बोर्ड द्वारा इस तरह के क्रय-विक्रय पर नजर रखने के लिये उड़नदस्ते गठित किये थे, जिन्होंने ग्वालियर, चम्बल, सागर और जबलपुर संभाग में कर चोरी पकड़ी गयी है. उन्होंने निर्देश दिये हैं कि कृषि उपज के परिवहन के दौरान अनुज्ञा-पत्र पर दर्ज क्यूआर कोड का स्कैन कर माल की प्राथमिकता चेकिंग की जाये.

# पूर्व सरपंच के घर में घुसकर डकैती

- 30 तोला सोना व ढाई लाख नकदी ले गए डकैत
- शाढ़ौरा के अटारी खैजरा में डकैती की बड़ी वारदात



**अशोकनगर, 04 नवंबर. शाढ़ौरा थाने के खैजरा अटारी गांव में सोमवार-मंगलवार की दरम्यानी रात बदमाशों ने गांव के पूर्व सरपंच के घर घुसकर डकैती की.**

चोरों ने पहले दंपति को बेरहमी से पीटा और उनके हाथ-पैर बांध दिए. इसके बाद घर में रखे 30 तोला सोने के जेवर और ढाई लाख रुपये नकद सहित कीमती सामान लेकर फरार हो गए. हमले में पूर्व सरपंच महेंद्र सिंह यादव बुरी तरह घायल हो गए हैं, उनका चेहरा लहूलुहान हो गया है. घायल महेंद्र सिंह ने घटना की जानकारी लोगों एवं डायल 112 के माध्यम से पुलिस को दी. पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंची. शाढ़ौरा थाना प्रभारी सुनील सिकरवार ने बताया कि एफएसएल की टीम और डॉग स्कवॉड की मदद से जांच जारी हैं.


मिली जानकारी के अनुसार यह घटना देर रात करीब 1:30 बजे के आसपास की है. लगभग 5 से 6 नकाबपोश बदमाश छत के रास्ते घर के जीने से नीचे उतरे. उन्होंने सबसे पहले बरामदे में सो रहे महेंद्र सिंह यादव और उनकी पत्नी पर हमला किया. बदमाशों ने दंपति के मुंह में कपड़े ठूस दिए, जिससे वे शोर न मचा सके. इसके बाद उनके हाथ और पैर बांधकर उन्हें बुरी तरह पीटा.

> **घर का सामान भी ले गए**
>
> पूर्व सरपंच महेंद्र सिंह यादव ने बताया कि उन्होंने दीपावली पूजन के लिए बैंक से रकम निकाली थी. घर में लगभग 30 तोला सोना और करीब ढाई लाख रुपये नकद रखे हुए थे. चोरों ने पूरे घर को तहस-नहस कर दिया और नकदी-जेवर के अलावा घी, इंडक्शन और अन्य सामान भी चुरा लिया.

# सीएम ने क्रिकेट खिलाड़ी क्रांति से की चर्चा

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 4 नवंबर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आईसीसी महिला क्रिकेट-2025 विश्व विजेता भारतीय टीम की खिलाड़ी और मध्यप्रदेश की गौरव सुश्री क्रांति गौड़ से वीडियो कॉल पर चर्चा की और अभूतपूर्व जीत की बधाई दी. वर्ल्ड कप के विभिन्न मैचों में छतरपुर की बेटी क्रांति गौड़ ने सटीक और धारदार गेंदबाजी से जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई.**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राज्य सरकार हर कदम पर युवाओं और खिलाड़ियों के साथ खड़ी है.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारत की बेटियों ने वन-डे विश्व कप जीत कर इतिहास रच दिया है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने क्रांति को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि प्रदेश की बेटी ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेल के मैदान में नई क्रांति का सूत्रपात किया है. पूरे देश और प्रदेशवासियों को विश्व विजेता बनीं बेटियों पर गर्व है. इस उपलब्धि में प्रदेश की बेटी की महत्वपूर्ण भूमिका से इस जीत का आनंद और बढ़ जाता है. क्रिकेट में मध्यप्रदेश का नाम रोशन करने वाली क्रांति गौड़ को जल्द ही एक करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश की उभरती क्रिकेट स्टार क्रांति गौड़ के खेल की सराहना की और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अपनी लगन और परिश्रम से बेटिया निरंतर आगे बढ़ती रहें और प्रदेश का नाम रोशन करें.

# नवाचारों को जनता तक पहुंचाने की जरूरत

- समीक्षा बैठक में मंत्री उदय प्रताप सिंह ने कहा

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 4 नवंबर. स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने कहा है कि स्कूल शिक्षा विभाग ने करीब पिछले 2 सालों में शिक्षा की गुणवत्ता सुधार में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने के साथ अनेक नचावार भी किये हैं.**



उन्होंने कहा कि इसकी जानकारी जनप्रतिनिधियों के साथ आम जनता तक पहुंचाये जाने की जरूरत है. मंत्री सिंह मंगलवार को मंत्रालय में विभागीय उपलब्धियों की समीक्षा कर रहे थे.मंत्री ने विभाग की योजनाओं की बिन्दुवार समीक्षा की. उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास होगा कि सरकारी स्कूलों के विकास में जनता का अधिक से अधिक सहयोग मिले, इसके लिये और प्रभावी तरीके से प्रयास किये जायेंगे. बैठक में सचिव स्कूल शिक्षा डॉ. संजय गोयल और आयुक्त लोक शिक्षण श्रीमती शिल्पा गुप्ता ने विभाग में किये जा रहे नवाचारों की जानकारी दी.

## शराब की खेप के साथ दो युवतियां पकड़ी गईं

**कटनी, 4 नवंबर.** मध्यप्रदेश के कटनी से खरीदी गई भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब के साथ रीवा की दो युवतियों को एक रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया गया है. रेलवे सुरक्षा बल और जीआरपी की संयुक्त टीम ने मझगवां स्टेशन पर छापेमारी कर दोनों युवतियों को गिरफ्तार किया है. उनके पास से 175 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद की गई, जिसकी कीमत करीब 36 हजार 750 रुपए बताई गई है.

पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार टीम ने राजस्थान के सोगरिया से बिहार के दानापुर जा रही एक स्पेशल ट्रेन के एसी-2 कोच में जांच की. जांच के दौरान बर्थ नंबर 8 और 9 पर बैठी दो युवतियों के बैग से शराब की बोतलें मिलीं. पूछताछ में दोनों ने स्वीकार किया कि शराब की यह खेप कटनी से खरीदी गई थी.

# टेक्नोलॉजी-फर्स्ट इकोनॉमी विजन होगा पेश

- मप्र टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव 2.0 13 को इंदौर में

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 4 नवंबर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि इंदौर के ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर में 13 नवंबर को आयोजित होने वाला मध्यप्रदेश टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव 2.0 प्रदेश को तकनीक, नवाचार और निवेश का वैश्विक केंद्र बनायेगा.**

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा किये जा रहे इस आयोजन से राज्य की तकनीकी और औद्योगिक प्रगति के अगले चरण की रूपरेखा तय की जाएगी. साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जायेगा कि मध्यप्रदेश टियर-2 भारत की तकनीकी क्रांति का नेतृत्व कर सके. कॉन्क्लेव में राज्य सरकार का टेक्नोलॉजी-फर्स्ट इकोनॉमी विजन भी प्रस्तुत किया जायेगा. इसमें दर्शाया जाएगा की मध्यप्रदेश नवाचार, कौशल और उद्यमिता के समन्वय से समावेशी आर्थिक विकास की ओर अग्रसर है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव कॉन्क्लेव के प्रतिभागी उद्योग जगत के प्रतिनिधियों से वन-टू-वन बैठक भी करेंगे. कॉन्क्लेव की थीम पॉवरिंग टियर-2, प्रोपेलिंग इंडिया रखी गई है. कॉन्क्लेव 2.0 का उद्देश्य राज्य के तकनीकी पारिस्थितिकी तंत्र में नवाचार, निवेश और सहयोग के माध्यम से नई गति लाना है. कॉनक्लेव की थीम इस तथ्य को रेखांकित करेगी कि भारत की विकास यात्रा में अब टियर-2 शहर अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं. मध्यप्रदेश इस परिवर्तन का केंद्र बन रहा है. इंदौर, भोपाल, ग्वालियर और जबलपुर जौसे शहर तेजी से टेक्नोलॉजी, इनोवेशन और उद्यमिता के नए हब के रूप में उभर रहे हैं. टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव 2.0, नीति-निर्माताओं, वैश्विक निवेशकों और उद्योग जगत के प्रमुख नेतृत्वकर्ता उद्यमियों का संगम होगा. कॉनक्लेव में इस बार 500 से अधिक प्रतिभागियों के शामिल होने की संभावना है.

कॉन्क्लेव का शुभारंभ एमपी जीसीसी लीडरशिप कनेक्ट सत्र से होगा। इस सत्र में देशभर के 30 से अधिक ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स (जीसीसीएस) के प्रतिनिधि भाग लेंगे. यह संवाद सत्र मध्यप्रदेश को पसंदीदा जीसीसी गंतव्य के रूप में स्थापित करने की रणनीति पर केंद्रित रहेगा.

> सत्र में राज्य के ड्रोन ईकोसिस्टम, विनिर्माण अवसरों, सरकारी सेवाओं और औद्योगिक उपयोगों में ड्रोन तकनीक के विस्तार पर केंद्रित रहेगा. मुख्य सत्र में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के अपर मुख्य सचिव संजय दुबे संबोधित करेंगे. उद्योग जगत के प्रमुख प्रतिनिधि जीसीसी, ड्रोन, एवीजीसी-एक्सआर, सेमीकंडक्टर, ईएसडीएम, स्पेसटेक, डेटा सेंटर जैसे क्षेत्रों में निवेश और नवाचार की दिशा में अपने विचार साझा करेंगे. मुख्य सत्र में नई डिजिटल अवसंरचना परियोजनाओं का उद्घाटन, आईटी पार्कों और स्किल सेंटर्स की आधारशिला, नए निवेशकों को लेटर ऑफ अलॉटमेंट का वितरण और एमओयू व साझेदारी समझौतों पर हस्ताक्षर किये जायेंगे. मध्यप्रदेश टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव 2.0 से राज्य में तकनीकी निवेश और रोजगार सृजन को नई दिशा मिलेगी.

# प्रशिक्षण शिविर में महिलाओं की भूमिका पर प्रेरक सत्र

**विशेष संवाददाता**

**पचमढ़ी, 4 नवम्बर. मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष संगठन सृजन प्रशिक्षण शिविर के तीसरे दिन जेंडर सेंसिटाइजेशन-संवेदनशीलता और जागरुकता विषय पर एक प्रेरक और ज्ञानवर्धक सत्र आयोजित किया गया.**




इस सत्र का संचालन सोनल पटेल, पूर्व सचिव, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं जिला अध्यक्ष, अहमदाबाद सिटी ने किया. अपने विचारोत्तेजक संबोधन में उन्होंने समाज में महिलाओं की भूमिका, योगदान, पहचान और समकालीन चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की. सोनल पटेल ने कहा कि लैंगिक समानता केवल नीति नहीं, बल्कि एक सोच और व्यवहार है, जिसे समाज के हर स्तर पर अपनाना आवश्यक है. उन्होंने उपस्थित जिला अध्यक्षों और पदाधिकारियों के साथ सार्थक संवाद करते हुए संगठन में महिला भागीदारी को और सशक्त बनाने पर बल दिया. प्रतिभागियों ने इस सत्र को अत्यंत उपयोगी, प्रेरक और जागरूकता बढ़ाने वाला बताया. उनका कहना था कि इससे राजनीतिक और सामाजिक कार्य में लैंगिक संवेदनशीलता को समझने और अपनाने की दिशा में नई दृष्टि मिली.अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में आयोजित यह पचमढ़ी प्रशिक्षण शिविर संगठनात्मक क्षमता निर्माण, वैचारिक स्पष्टता और सामाजिक संवेदनशीलता को नई दिशा देने का कार्य कर रहा है.

# वर्मा ने बीजेपी और चुनाव आयोग की सांठगांठ का लगाया आरोप

**विशेष संवाददाता**

**भोपाल,04 नवम्बर. पूर्व मंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता सज्जन सिंह वर्मा ने मध्यप्रदेश में चल रही स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठाए.**



उन्होंने कहा है कि यह चुनाव आयोग और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की मिलीभगत से रचा गया षड्यंत्र है. उन्होंने आरोप लगाया कि इस प्रक्रिया का उद्देश्य दलित, आदिवासी, मजदूर और अल्पसंख्यक वर्ग के मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाना है. वर्मा ने कहा कि बूथ लेवल अधिकारियों पर बिना पर्याप्त तैयारी और आवश्यक फॉर्म उपलब्ध कराए दबाव बनाया जा रहा है, जिससे चुनाव प्रक्रिया की

## फर्जी मेट्रिमोनियल कॉल सेंटर का पर्दाफाश

**इंदौर.** इंदौर की एरोड्रम थाना पुलिस और हरियाणा के सायबर थाना जींद की संयुक्त टीम ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए फर्जी मेट्रिमोनियल कॉल सेंटर का भंडाफोड़ किया है. पुलिस ने मौके से 90 मोबाइल, 5 लैपटॉप और 1 लाख 40 हजार नगद बरामद किए हैं. टीम ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जो 'भारत वेडिंग एंड कम्युनिटी मैट्रिमोनियल' के नाम से यह कॉल सेंटर चला रहे थे. गिरफ्तार आरोपियों में रितु नामदेव, प्रमीला रोकड़े, प्रिया रोकड़े और सूरज धार्मिक शामिल हैं.

## मानव अधिकार आयोग ने सात मामलों में लिया संज्ञान

**भोपाल.** मप्र मानव अधिकार आयोग के सदस्य डॉ. अवधेश प्रताप सिंह ने राज्य के विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित प्रथम दृष्टया मानव अधिकार उल्लंघन के सात मामलों में संज्ञान लेते हुए संबंधित विभागों व अधिकारियों से प्रतिवेदन मांगा है.


**गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स नेटवर्क**

कॉर्पोरेट ऑफिस: चौथी मंजिल, ईस्ट विंग, वर्ल्ड मार्क-1, एयरोसिटी, दिल्ली-110 037

टेलीफोन: 011-49111200, www.gstn.org.in

**टेंडर नोटिस**

| विवरण | बोली जमा करने की अंतिम तिथि और समय |
|---|---|
| हाई-एंड लैपटॉप और डेस्कटॉप की सप्लाई और इंस्टॉलेशन के लिए टेंडर | शाम 3 :00 बजे तक, 18 नवंबर, 2025 |

गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स नेटवर्क (GSTN), एक सरकारी एंटरप्राइज, निम्नलिखित सामान/सेवाओं के लिए योग्य फर्मों/कंपनियों से बोलियां आमंत्रित करता है :-
टेंडर/RFP डॉक्यूमेंट और संबंधित जरूरी जानकारी GSTN वेबसाइट www.gstn.org.in से डाउनलोड की जा सकती है. कोई भी संशोधन/शुद्धि-पत्र GSTN वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा.

सीबीसी-15319/12/0004/2526

संजय शर्मा
वाइस प्रेसिडेंट (P&C)


# सीएम का केंद्र को पत्र नाकामी का प्रमाण

**भोपाल, 4 नवम्बर . पूर्व केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री अरुण यादव ने कहा है कि प्रदेश और देश की भाजपा सरकारें किसानों के हित की बातें केवल मंचों और भाषणों तक सीमित रखती हैं, जबकि हकीकत में किसानों के साथ निरंतर अन्याय हो रहा है.**



उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार एमएसपी देने के नाम पर केवल घोषणाएं कर रही है, जबकि सोयाबीन, मक्का और कपास जैसी प्रमुख फसलों की खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य पर नहीं की जा रही. इससे किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा और वे लगातार घाटे में जा रहे हैं.

अरुण यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा केंद्र सरकार को गेहूं और धान को समर्थन मूल्य पर खरीदने में असमर्थता जताते हुए पत्र लिखना भाजपा सरकार की नाकामी का प्रमाण है. उन्होंने कहा कि जब खुद सरकार स्वीकार कर रही है कि वह किसानों से एमएसपी पर खरीद नहीं कर सकती, तो किसानों को झूठे सपनों में क्यों रखा जा रहा है. उन्होंने कहा कि यह स्थिति दर्शाती है कि प्रदेश में प्रशासनिक व्यवस्थाएं पूरी तरह चरमरा चुकी हैं.

> उन्होंने सरकार द्वारा जारी हालिया आदेश को भी तुगलकी फरमान बताया, जिसमें कहा गया है कि यदि किसानों को 10 घंटे से अधिक बिजली दी गई तो अधिकारियों और कर्मचारियों का वेतन काटा जाएगा. यादव ने कहा कि जब सरकार राज्य को बिजली सरप्लस बताती है, तो किसानों को पर्याप्त बिजली क्यों नहीं दी जा रही. सिंचाई व्यवस्था और उत्पादन क्षमता को सीमित करना किसानों के मूल अधिकारों का हनन है. और सरकार किसानों की समस्याओं को समझने में पूरी तरह विफल रही है. पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार ने किसानों की आय दोगुनी करने का वादा किया था.

# एसआईआर के पीछे भाजपा का क्या है एजेंडा : सिंघार

**भोपाल, 4 नवंबर. मध्यप्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने राज्य में शुरु हुई निर्वाचक नामावली विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर सरकार पर सवाल उठाते हुए आज कहा कि भारतीय जनता पार्टी का इसके पीछे एजेंडा क्या है.**



सिंघार ने कहा कि यह काम बहुत जल्दबाजी में किया जा रहा है. भाजपा का इसके पीछे एजेंडा क्या है. क्या वन नेशन, वन इलेक्शन की तैयारी है या फिर पुराने मतदाता सूची घोटालों को छिपाने की कोशिश है. उन्होंने कहा कि अब चुनाव आयोग भाजपा की कठपुतली बन गया है. कांग्रेस ने हर बूथ पर एजेंट नियुक्त किए हैं और एक कंट्रोल रूम भी बनाया गया है ताकि आयोग की गड़बड़ियों को उजागर किया जा सके. किसानों से जुड़े मुद्दे पर उन्होंने कहा कि प्रदेश में किसानों को पर्याप्त बिजली नहीं मिल रही है और बिजली विभाग के कर्मचारियों पर मनमाने आदेश थोपे जा रहे हैं.







**राज्य स्तरीय कार्यशाला** | एसआईआर में सहयोग के लिए चुनाव आयोग के साथ कदमताल करेगी भाजपा

# विदेशी घुसपैठिये मतदाताओं की पहचान के लिए एसआईआर जरूरी

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 4 नवंबर. भाजपा देश के साथ ही प्रदेश में चल रहे एसआईआर की प्रक्रिया के दौरान चुनाव आयोग के साथ कदमताल करने के लिये पूरी तरह तैयार है.**



भाजपा ने जो रणनीति तैयार की है, उसमें वह अपने बीएलए यानी बूथ लेवल एजेंट के माध्यम से आयोग को पूरा सहयोग करेगा और इस प्रक्रिया पर बारीक नजर भी रखेगा. बीएलए ये सुनिश्चित करेंगे कि कोई भी पात्र व्यक्ति मतदाता सूची में छूट नहीं और कोई अवांछित व्यक्ति का नाम प्रदेश की मतदाता सूची में आये नहीं. इसी उद्देश्य को लेकर भाजपा प्रदेश कार्यालय में मंगलवार को प्रदेश स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई. इस दौरान राष्ट्रीय सह-संगठन महामंत्री शिवप्रकाश ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि सीमावर्ती राज्यों में विदेशियों की घुसपैठ हो रही है और ऐसे अनेक एजेंट सक्रिय हैं, जो पैसे लेकर उन्हें सभी जरूरी दस्तावेज उपलब्ध करा देते हैं. ऐसे मतदाताओं की पहचान के लिए एसआईआर जरूरी है. उन्होंने कहा कि एसआईआर की प्रक्रिया पूरी तरह संवैधानिक है और हमारे संविधान में इसके लिए प्रावधान किया गया है.

शिवप्रकाश ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था के सुदृढ़ संचालन के लिए जागरूक और जिम्मेदार मतदाता अत्यंत आवश्यक हैं. उनकी सक्रिय भागीदारी से ही सही और सक्षम सरकार का गठन संभव हो पाता है तथा देश की नीतियां जनता की आकांक्षाओं के अनुरूप बनती हैं. जब प्रत्येक नागरिक अपने मताधिकार का प्रयोग ईमानदारी, समझदारी और राष्ट्रहित की भावना से करते हैं.

> कार्यशाला को संबोधित करते हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि एसआईआर की प्रक्रिया देश के 12 राज्यों में शुरू कर दी गई है, जिनमें देश की आधी से अधिक आबादी रहती है. यह प्रक्रिया दो-तीन माह चलेगी. चुनाव आयोग की इस शुद्धिकरण प्रक्रिया में हमें पूर्ण सहयोग करना है, ताकि आगामी चुनाव प्रक्रिया पारदर्शिता और सुचारु रूप से संपन्न हो सके. इस अभियान का उद्देश्य मतदाता सूची को सुव्यवस्थित और त्रुटिरहित बनाना है, ताकि कोई भी योग्य नागरिक मतदान के अधिकार से वंचित न रहे. यह किसी के खिलाफ नहीं है. इसका उद्देश्य किसी वैध मतदाता को मताधिकार से वंचित करना नहीं, बल्कि मतदाता सूची को सही और निष्पक्ष बनाना है. मतदाता सूची में घुसपैठियों का नाम शामिल होना संविधान की भावना के विरुद्ध है. इस प्रक्रिया का मकसद ऐसे छद्म मतदाताओं की पहचान करना है, जिन्होंने अवैध तरीके से मतदाता पहचान पत्र प्राप्त किए हैं या भारत में अवैध रूप से प्रवेश कर मतदान प्रक्रिया को प्रभावित करने का प्रयास किया है. यह भविष्य की राजनीति को प्रभावित करने वाला विषय है. कार्यशाला के दौरान प्रदेश मंत्री व अभियान के सह संयोजक रजनीश अग्रवाल ने पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से एसआईआर की प्रक्रिया और करणीय कार्यों की जानकारी दी.

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा 3, इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स, रामगोपाल माहेश्वरी मार्ग, महाराणा प्रताप नगर, जोन-1, भोपाल से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स से मुद्रित. संपादक दिलीप झा*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-4939198, ईमेल-bhopalnav@gmail.com RNI Reg. No. 35046/56 डाक पंजीयन क्रमांक M.P/B.P.L/711/2012-14